Result Mitra Daily Magazine

अमेजन वर्षा वन

❖ हालिया संदर्भ :

- सरकारी आंकडों से पता चला है कि जुलाई में ब्राजील के अमेजन वर्षा वनों की कटाई पहली बार पिछले 15 महीनों में बढी है।
- राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला द-सिल्वा के शासनकाल में इससे पूर्व वनों की कटाई में गिरावट देखी जा रही थी।
- पर्यावरण हडताल के बीच वनों की कटाई में वृद्धि आश्चर्यजनक है।
- पर्यावरण मंत्रालय एवं विज्ञान मंत्रालय द्वारा जारी आंकडे के मुताबिक जुलाई में ब्राजील वर्षा वनों में 666 वर्ग किमी की कटाई की गई, जो जुलाई 2023 में 500 वर्ग किमी की वन-कटाई से 33% ज्यादा है।
- रिपोर्ट के अनुसार पिछले 12 महीने में वनों की कटाई में इससे पूर्व के 12 महीनों की तुलना में 46% की कमी दर्ज की गई थी।
- राष्ट्रपति सिल्वा ने 2030 तक अमेजन (ब्राजील) में वनों की कटाई को पूर्णत: रोकने का संकल्प लिया है।

❖ कटाई में कमी और वृद्धि :

- अमेजन में वनों की कटाई का संबंध मुख्यत: कृषि विस्तार एवं अवैध खनन से जुडा है।
- जेयर बोल्सोनारो (पूर्व राष्ट्रपति) के शासनकाल में वन-कटाई में भारी वृद्धि हुई थी।
- वन मंत्रालय के अनुसार जुलाई 2024 में वन-कटाई में वृद्धि इसलिए प्रतीत हो रही है क्योंकि पिछले वर्ष वन-कटाई में कमी दर्ज की गई थी।
- 2023 में अवैध खनन पर नियंत्रण पा लिया गया था।
- जुलाई में वन-कटाई में वृद्धि का कारण अमेजन में सूखा तथा पर्यावरण-हडताल भी है।
- पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने हडताल ने कानून-प्रवर्तन को बाधित किया है, जिससे संभवत: अवैध खनन को बढावा मिला।

❖ अमेजन :

- यह दक्षिण अमेरिका के 40% से ज्यादा हिस्सा को कवर करता है।
- यह दुनिया का सबसे बडा उष्णकटिबंधीय वर्षा वन है, जो लगभग 23,00,000 वर्ग मील या 60,00,000 वर्ग किमी में फैला है।
- यह ब्राजील (सर्वाधिक), बोलिवीया, पेरू, इक्वेडोर, कोलंबिया, वेनुजुएला, गुयाना, सुरीनाम एवं फ्रेंच गुयाना में फैला हुआ है।
- दुनिया का 20% ऑक्सीजन अमेजन ही बनाता है, जिसके कारण इसे पृथ्वी का फेफडा कहा जाता है।
- इसके उत्तरी भाग से अमेजन नदी बहती है, जो दुनिया की सबसे बडी नदी है।

Note :- दुनिया की सबसे लंबी नदी नील (मिस्त्र) है, लेकिन जल-आयतन के मामले में अमेजन सबसे बडी नदी है और अमेजल लंबाई में दुनिया की दूसरी सबसे लंबी नदी है।

- इस वर्षा-वन में 'अमेरिडियन' नामक स्वदेशी जनजातीय समूह वास करती है, जिनकी संख्या 400-500 है।
- इस जनजाति समुदाय के बहुत सारे लोगों का बाहरी दुनिया से कोई संपर्क स्थापित नहीं हुआ है।
- पिरारूकू (अरापाइमा या पैंचे के) नामक मछली इस जंगल की विशिष्ट मछली प्रजाति है, जो बेहद खतरनाक होती है।
- यह एक मांसाहारी मछली है, जो 3 मीटर (10 Feet) लंबी हो सकती है।
- इस मछली के मुँह के ऊपरी भाग एवं जीभ पर नुकीले एवं तेज दाँत होते है, जिससे यह अन्य जानवरों को अपना शिकार बना लेती है।
- अमेजन में ही दुनिया के सबसे लंबे एवं विशाल सांप एनाकोंडा पाए जाते हैं तथा इलेक्ट्रिक ईल (मछली, जो विद्युत झटके देती है) पाए जाते हैं।

- यह समुद्र जैव-विविधता का क्षेत्र है, जहाँ 40,000 से ज्यादा पेड-पौधों की प्रजातियाँ एवं 5000 से ज्यादा जीव-जंतु की प्रजातियाँ पाई जाती है।
- यह कीडे-मकोडों का संसार है, एवं 20 लाख से भी ज्यादा प्रकार के कीडे-मकोडे की प्रजातियां यहाँ पाई जाती है।
- इस जंगल में 400 से ज्यादा प्रकार की आदिम जनजातियां निवास करती है।

❖ प्रमुख पशु-पक्षी :

- जगुआर, हार्पी ईगल, जहरीले डार्ट मेंढक, पिंक रिवर डॉल्फिन, हमिंगबर्ड, टूकेन, मांसाहारी पिरान्हा (पक्षी)
- मैकॉ पक्षी अमेजन की विशिष्टता है, जो 20-30 के झुण्ड में सामाजिक जीवन बिताता है।
- प्रोजेक्ट फाइनेंस फॉर परमानेंस :
- WWF एवं विभिन्न संगठनों की एक पहल,
- ब्राजील वर्षावन की रक्षा करना उद्देश्य,
- अमेजन संरक्षित कार्यक्रम का संचालन,

Note :- अमेजन 9 देशों में फैला है, जिसमें ब्राजील सर्वाधिक 60% , पेरू 13% एवं कोलंबिया 10 % का योगदान देता है।

Result Mitra